मेरे सरकार का दीदार बड़ा प्यारा है

मेरे सरकार का, दीदार बड़ा प्यारा है ॥
"कृष्ण मेरा प्यारा, गोविन्द बड़ा प्यारा है" ||x||

तेरे नैना कटीले, मोटे मोटे रसीले
*दिल को छीन लिया, तेरी प्यारी हँसी ने
प्यारी अंखियों में लगा, कजरा बड़ा प्यारा है
कृष्ण मेरा प्यारा, गोविन्द बड़ा प्यारा है ॥

लटों ने लूट लिया, जिगर घायल ये किया
*तेरी प्यारी अदा ने, मुझे बेचैन किया
मेरे सीने में तेरा, दर्द बड़ा प्यारा है
कृष्ण मेरा प्यारा, गोविन्द बड़ा प्यारा है ॥

ओ मेरे श्याम पिया, तेरे बिन तड़पे जिया
*प्रेम तुम से ही किया, तूने क्या जादू किया
तेरी यादों में थिरके, अंग मेरा सारा है
कृष्ण मेरा प्यारा गोविन्द बड़ा प्यारा है ॥
अपलोडर- अनिल रामूर्ति भोपाल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/11062/title/mere-sarkar-ka-didar-bada-pyara-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |